- 6,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- कहा–परिवारवादी सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं का कर रहे
- सीएम योगी, उप मुख्यमंत्री केशव और ब्रजेश पाठक की सराहना की

वाराणसी में आरजे शंकरा आई हास्पिटल का लोकार्पण करते पीएम मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल • पीआइबी

काशी ने विरासत और विकास के नए आयाम स्थापित किए : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश व प्रदेश के सभी क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से 10 वर्षों में काशी अपनी विरासत व सांस्कृतिक स्वरूपों को समेटे हुए विकास के नए आयाम स्थापित किया है। पिछले दस वर्षों में 44,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी में स्वीकृत हुईं। इनमें से लगभग 34,000 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। योगी ने तीन नए एयरपोर्ट टर्मिनल के साथ 6700 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

वाराणसी से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहारनपुर के सरसावा एयरपोर्ट में सिविल एन्क्लेव (54 .62 करोड़ रुपये), मध्य प्रदेश में रीवा एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन (91 करोड़ रुपये), छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन (80 .32 करोड़) का आनलाइन लोकार्पण किया। वाराणसी एयरपोर्ट का विस्तारीकरण, नए टर्मिनल भवन का निर्माण (2870 करोड़ रुपये) के साथ, बंगाल में दार्जिलिंग–सिलीगुड़ी में बागडोगरा एयरपोर्ट में सिविल एन्क्लेव (1550 करोड़), बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट में सिविल एन्क्लेव (912 करोड़) और आगरा एयरपोर्ट में सिविल एन्क्लेव (579 करोड़) का आनलाइन शिलान्यास किया। वाराणसी में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सिगरा का पुनर्विकास (216 .29 करोड़), सारनाथ में पर्यटन पुनर्विकास कार्य (90 .20 करोड़), सीपेट परिसर, करसड़ा में छात्रावास (13 .78 करोड़) का लोकार्पण हुआ।